मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उ0प्र0 प्रभाग में क्षेत्रीय योजना–2021 के अन्तर्गत विभिन्न विकास नीतियों, प्रस्तावों एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का समन्वय एवं निरीक्षण करने हेतु स्टेयरिंग कमेटी की प्रस्तावित सप्तम् बैठक की कार्यसूची।



दिनांकः–09.01.2024

समयः अपरान्ह 04:00 से 05:00 बजे के मध्य

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हेतु भारत सरकार द्वारा अधिसूचित क्षेत्रीय योजना–2021 के अन्तर्गत विभिन्न विकास नीतियों, प्रस्तावों एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का समन्वय एवं निरीक्षण करने हेतु उ0प्र0 शासन स्तर पर गठित स्टेयरिंग कमेटी की प्रस्तावित सप्तम् बैठक की कार्यसूची।

मद संख्या	कार्य सूची का विवरण	पृष्ठ संख्या
01.	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम बैठक के कार्यवृत की पुष्टि।	1–5
02.	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम बैठक के कार्यवृत्त में उल्लेखित निर्णयों की अनुपालन आख्या।	6–23
03.	हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि0 (HORC) द्वारा प्रेषित ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना की फिजीबिल्टी स्टडी कराये जाने के सम्बन्ध में।	24–34
04.	उ0प्र0 प्रभाग की उपक्षेत्रीय योजना–2041 को तैयार करने के सम्बन्ध में।	35–40
05.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय त्वरित ट्रांजिट प्रणाली परियोजना (Rapid Regional Transit System) की प्रगति के सम्बन्ध में।	41–72
06.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उ0प्र0 प्रभाग से सटे दिल्ली एवं हरियाणा प्रभाग के मध्य इन्टर स्टेट रोड़ कनेक्टीविटी के सम्बन्ध में।	73–98
07.	क्षेत्रीय योजना–2041 (ड्राफ्ट) के सम्बन्ध में।	99–102
08.	क्षेत्रीय योजना–2021 एवं उ0प्र0 पभाग की उपक्षेत्रीय योजना–2021 के प्रस्तावों के अनुरूप विकास कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में।	103–108
09.	उ0प्र0 प्रभाग में भौतिक/सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली से वित्तीय ऋण लिये जाने के सम्बन्ध में।	109–120
10.	एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0 में रिक्त पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में।	121–134
11.	अन्द मद।	135–136

1. <u>मद संख्या–1</u>

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवृत्त **(संलग्नक–1)** सभी सदस्यों को उपलब्ध करा दिया गया था। इस सम्बन्ध में प्रस्तुत विवरण का अवलोकन करते हुए सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

संलग्नक—1

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हेतु भारत सरकार द्वारा अधिसूचित क्षेत्रीय योजना-2021 के अन्तर्गत विभिन्न विकास नीतियों, प्रस्तावों एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का समन्वय एवं निरीक्षण करने हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित स्टेयरिंग कमेटी की दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक के प्रारम्भ में चीफ को-ओर्डिनेटर प्लानर, एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0 द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उ0प्र0 प्रभाग का संक्षिप्त विवरण एवं स्टेयरिंग कमेटी के गठन से सम्बन्धित विवरण प्रस्तुत किया गया तथा मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अनुमति से बैठक प्रारम्भ की गयी।

<u>मद संख्या-1:</u>

दिनांक 28.09.2018 को सम्पन्न हुई स्टेयरिंग कमेटी की पंचम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

स्टेयरिंग कमेटी की दिनांक 28.09.2018 में सम्पन्न हुई पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों एवं कार्यवृत्त के सम्बन्ध में प्रस्तुत विवरण का अवलोकन करते हुये सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

<u>मद संख्या-2:</u>

दिनांक 28.09.2018 को सम्पन्न हुई पंचम बैठक के कार्यवृत्त में उल्लेखित निर्णयों की अनुपालन आख्या।

दिनांक 28.09.2018 को सम्पन्न हुई पंचम बैठक की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

<u>मद संख्या-3:</u>

क्षेत्रीय योजना-2041 (ड्राफ्ट) के सम्बन्ध में।

बैठक में क्षेत्रीय योजना-2041 (ड्राफ्ट) के सम्बन्ध में किये गये संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण एवं अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया गया।

(कार्यवाही द्वारा-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली एवं एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0 गाजि0)

<u>मद सं0-4:</u>

उ0प्र0 प्रभाग की उपक्षेत्रीय योजना-2041 को तैयार करने के सम्बन्ध में।

निर्णयः- उ0प्र0 प्रभाग की उप-क्षेत्रीय योजना-2041 को तैयार किये जाने के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का अवलोकन करते हुए उप-क्षेत्रीय योजना-2041 को बनाने हेतु पूर्व तैयारी प्रारम्भ करने के निर्देश प्रदान किये गये, जिससे कि क्षेत्रीय योजना-2041 की स्वीकृति के उपरांत शीघ्र उप-क्षेत्रीय योजना-2041 तैयार की जा सके।

(कार्यवाही द्वारा -एन0सी0आर सेल, उ0प्र0)

<u>मद सं0-5:</u>

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय त्वरित ट्रांजिट प्रणाली परियोजना (Rapid Regional Transit System) के सम्बन्ध में।

निर्णयः- क्षेत्रीय त्वरित ट्रांजिट प्रणाली परियोजना (**Rapid Regional Transit System**) के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रगति विवरण का अवलोकन किया गया।

(कार्यवाही द्वारा -एन.सी.आर.टी.सी., नई दिल्ली)

<u>मद सं0-6:</u>

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उ0प्र0 प्रभाग से सटे दिल्ली एवं हरियाणा प्रभाग के मध्य मार्ग व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने के सम्बन्ध में।

(i) **UER-I, Delhi to Khekra City till NH-57 in U.P.**

निर्णयः- UER-I के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश को निर्देश दिये गये कि UER-I को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से जोड़े जाने एवं अन्य मार्गों से कनैक्टीविटी के सम्बन्ध मे परीक्षण करते हुए एन 0 एच 0 ए 0 आई 0 से सम्पर्क स्थापित कर कार्यवाही करें एवं एन 0 सी0 आर 0 योजना बोर्ड तथा एन 0 सी0 आर 0 सेल, उ 0 प्र 0, गाजियाबाद को भी अवगत करायें।

(कार्यवाही द्वारा -लोक निर्माण विभाग, उ 0 प्र 0)

(ii) Elevated road along Shahdara drain-alignment form Chilla Regulator (near Mayur Vihar), Sector-14A to MP-3 road (Mahamaya Flyover in NOIDA.

निर्णयः-नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग, उ 0 प्र 0 को प्रश्नगत प्रकरण में सम्पर्क स्थापित करते हुए मार्ग की आवश्यकता को दृष्टिगत् रखते हुए शीघ्र कार्यवाही संपादित करें।

(कार्यवाही द्वारा -नो0 औ 0 वि0 प्राधिकरण एवं लो0 नि0 वि0, उ 0 प्र 0)

(iii)Construction of bridge on Yamuna river near sector-168 & sector-167A Noida Connecting Lalpur Village, Faridabad in Haryana Sub-region.

निर्णयः-नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा दी गयी सहमति (consent) का अवलोकन किया गया एवं इसी क्रम में अग्रेत्तर कार्यवाही की अपेक्षा की गयी।

(कार्यवाही द्वारा -नोएडा प्राधिकरण)

(iv) Bridge over Yamuna river between Chhaprauli (Baghpat) and Hathwala Village, Panipat in Haryana Sub-region.

निर्णयः-इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, बागपत एवं लोक निर्माण विभाग, उ 0 प्र 0 से समन्वय बनाते हुए वांछित शीघ्र कार्यवाही कराने की अपेक्षा की गयी। उपरोक्तानुसार इन्टर स्टेट कनेक्टीविटी मुद्दों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित संस्थाओं को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये।

(कार्यवाही द्वारा -नोएडा प्राधिकरण, लो0 नि0 वि0, उ 0 प्र 0 तथा एन 0 सी0 आर 0 सेल, उ 0 प्र 0)

<u>मद सं0-7:</u>

क्षेत्रीय योजना-2021 एवं उ 0 प्र 0 प्रभाग की उपक्षेत्रीय योजना-2021 के प्रस्तावों के अनुरूप विकास कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णयः-क्षेत्रीय योजना-2021 एवं उ 0 प्र 0 प्रभाग की उपक्षेत्रीय योजना-2021 के प्रस्तावों के अनुरूप विकास कार्य कराए जाने के अनुश्रवण हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली से यह अपेक्षा की गयी कि वह इस हेतु एक ऐसा वेब-पॉर्टल तैयार करें, जिस पर सभी सम्बन्धित अभिकरण/विभाग वांछित विवरण ऑनलाईन सिस्टम के माध्यम से अपलोड कर सके।

(कार्यवाही द्वारा -एन 0 सी0 आर 0 सेल, उ 0 प्र 0 एवं एन 0 सी0 आर 0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली एवं संबंधित अभिकरण/विभाग)

<u>मद सं0-8:</u>

उ 0 प्र 0 प्रभाग में भौतिक/सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली से वित्तीय ऋण लिये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णयः-उ 0 प्र 0 प्रभाग में भौतिक/सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए सभी विभागों से यह अपेक्षा की गयी कि वे अन्य वैकल्पिक वित्तीय

संस्थाओं से ब्याज की दरों का तुलनात्मक परीक्षण करते हुए परियोजनाओं के वित्त पोषण हेतु प्रस्ताव राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली को प्रेषित करें।

(कार्यवाही द्वारा -सभी सम्बन्धित विभाग एवं एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0)

मद सं0-9 :

एन0सी0आर0 में अतिरिक्त क्षेत्र सम्मिलित किये जाने हेतु डेलीनिएशन स्टडी (Delineation Study) के सम्बन्ध में।

निर्णयः-बैठक में प्रस्तुत एन0सी0आर0 में अतिरिक्त क्षेत्र सम्मिलित किये जाने हेतु डेलीनिएशन स्टडी (Delineation Study) के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया।

मद सं0-10:

अमृत योजनान्तर्गत तैयार की जा रही महायोजनाओं के सम्बन्ध में।

निर्णयः-सम्यक विचार-विमर्श के उपरांत प्रस्ताव विलोपित (ड्रॉप) किया गया।

मद सं0-11:

एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0 में रिक्त पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में।

निर्णयः-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नियोजन सेल, उ0प्र0 में रिक्त पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में यथासम्भव तैनाती की कार्यवाही की अपेक्षा के साथ यह निर्देश दिये गये कि एन0सी0आर0 सेल के विभिन्न कार्यों/सेवाओं को आउटसोर्स के माध्यम से भी सम्पादित कराया जा सकता है।

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-2
संख्या- 15 NCR /आठ-2-2023-12 विविध/2012
लखनऊ दिनांकः 09 फरवरी, 2023.

उपरोक्त कार्यवृत्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, औद्योगिक एवं अवस्थापना विभाग, उ.प्र. शासन,
4. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग,उ.प्र. शासन, लखनऊ।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
6. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
7. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
8. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
9. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
10. आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।

File No.8-2099/405/2020- -2-

11. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोयडा/ ग्रेटर नोयडा एवं यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर।
12. सदस्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली।
13. अध्यक्ष, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर।
14. आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
15. आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 प्रभाग, गाजियाबाद।
16. उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद/मेरठ/ बुलन्दशहर /खुर्जा/ हापुड़-पिलखुआ/ बागपत-बडौत-खेकडा, मुजफ्फरनगर।
17. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
18. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
19. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ.प्र. लखनऊ।
20. निदेशक, आवास बन्धु, जनपथ मार्केट, हजरतगंज, लखनऊ।
21. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शीतला प्रसाद)
अनु सचिव।

2. मद संख्या–2

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक के कार्यवृत्त में उल्लेखित निर्णयों की अनुपालन आख्याः–

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त में वर्णित निर्णयों की अनुपालन आख्या निम्नानुसार हैः–

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
मद संख्या–03 **क्षेत्रीय योजना –2041 (ड्राफ्ट) के सम्बन्ध में।** **3.1** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के समग्र विकास हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 (NCRPB Act, 1985) के अंतर्गत क्षेत्रीय योजना तैयार की जाती है। वर्तमान में क्षेत्रीय योजना–2021 सम्पूर्ण एन0सी0आर0 में प्रभावी है, जिसे वर्ष 2005 में अधिसूचित किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय योजना–2041 (ड्राफ्ट) तैयार की गयी है, जिसमें उ0प्र0 प्रभाग के कुल 08 जनपद (गाजियाबाद, मेरठ, बुलन्दशहर, हापुड़, बागपत, गौतमबुद्धनगर, मुजफ्फरनगर एवं शामली) तथा 02 काउन्टर मैग्नेट एरिया बरेली एवं कानपुर–लखनऊ सम्मिलित हैं। **3.2** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली के अर्द्धशा0 पत्र दिनांक 06.01.2021 के द्वारा क्षेत्रीय योजना–2041 की ड्राफ्ट रिपोर्ट उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अभिमत/सुझाव प्राप्त करने हेतु प्रेषित की गयी। तदोपरान्त आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक 23 मार्च, 2021 के माध्यम से सभी विभागों से अभिमत/सुझाव प्राप्त करने हेतु क्षेत्रीय योजना–2041 की ड्राफ्ट रिपोर्ट को विभागीय वेबसाईट (www.awas.up.nic.in) पर अपलोड किया गया। **3.3** क्षेत्रीय योजना–2041 (ड्राफ्ट) पर उ0प्र0 के विभिन्न विभागों यथा–आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, नागरिक उड्डयन	बैठक में क्षेत्रीय योजना–2041 (ड्राफ्ट) के सम्बन्ध में किये गये संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण एवं अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया गया।	एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0 से कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
विभाग, खेल विभाग तथा उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा ग्रेटर नोएडा एवं यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा क्षेत्रीय योजना–2041 (ड्राफ्ट) के सम्बन्ध में अपने सुझाव एन0सी0आर0पी0बी0, नई दिल्ली को प्रेषित किये गये हैं। **3.4** एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली की बोर्ड बैठक दिनांक 12.10.2021 में क्षेत्रीय योजना–2041 ड्राफ्ट को जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव प्राप्त करने हेतु अनुमोदित किया गया। तदोपरान्त क्षेत्रीय योजना–2041 (ड्राफ्ट) पर दिनांक 09.12.2021 से दिनांक 07.01.2022 तक जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करने के साथ–साथ एन0सी0आर0पी0बी0 की विभागीय वेबसाईट (www.ncrpb.nic.in) पर जनसामान्य के सुलभ–सन्दर्भ हेतु अपलोड भी किया गया। **3.5** मा0 मुख्यमन्त्री, उ0प्र0 शासन के समक्ष राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की क्षेत्रीय योजना–2041 के मसौदे पर प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसका कार्यवृत्त पर प्रस्तुत है। **3.6** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली की दिनांक 05.07.2022 को आयोजित होने वाली 42वीं बैठक में क्षेत्रीय योजना–2041 (ड्राफ्ट) को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाना था, जो अपरिहार्य कारणोंवश स्थगित हो गई।		
<u>मद संख्या–04</u> **उ0प्र0 प्रभाग की उपक्षेत्रीय योजना–2041 को तैयार करने के सम्बन्ध में।** **4.1** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 की धारा–17 (1) के अंतर्गत समस्त सहभागी राज्यों द्वारा उपक्षेत्रीय योजना को तैयार किया जाता है। इसी के परिप्रेक्ष्य में एन0सी0आर0 के उ0प्र0 प्रभाग के छः जिलों (गाजियाबाद, मेरठ, बुलन्दशहर, हापुड़, बागपत एवं गौतमबुद्धनगर) हेतु वर्तमान में प्रभावी उ0प्र0 उपक्षेत्रीय योजना–2021 को तैयार किया गया था, जिसे एन0सी0आर0 योजना बोर्ड,	उ0प्र0 प्रभाग की उप–क्षेत्रीय योजना–2041 को तैयार किये जाने के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का अवलोकन करते हुए उप–क्षेत्रीय योजना–2041 को बनाने हेतु पूर्व तैयारी प्रारम्भ करने के निर्देश प्रदान किये गये, जिससे कि क्षेत्रीय योजना–2041 की स्वीकृति के उपरांत शीघ्र उप–क्षेत्रीय योजना–2041 तैयार की जा सके।	• इस सम्बन्ध में अनुसचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र सं0–494/आठ–2– 23– 01 एनसीआर/ 2023 दिनांक 22 मार्च, 2023 के साथ संलग्न मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या– 2131/वा.नि./एन.सी.आर./क्षे.यो.– 2041/2022–23 दिनांक 28 फरवरी,

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
नई दिल्ली द्वारा दिनांक 01.07.2013 में अनुमोदित किया गया है। **4.2** उ0प्र0 प्रभाग में नये जिले मुजफ्फरनगर एवं शामली क्रमशः वर्ष 2015 एवं 2018 में सम्मिलित किए गये, जिनकी उपक्षेत्रीय योजना –2021 को एन0सी0आर0 पी0बी0, नई दिल्ली की बैठक दिनांक 12.10.2021 में अनुमोदित किया जा चुका है। अनुमोदनोपरांत जिला मुजफ्फरनगर एवं शामली की उप क्षेत्रीय योजना–2021 को दिनांक 08.01.2022 में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की वेबसाईट पर अपलोड भी किया जा चुका है। **4.3** अतः उपरोक्त उल्लेखित विवरण के अनुसार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश उपक्षेत्र की उपक्षेत्रीय योजना–2021 एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित है। **4.4** उप–क्षेत्रीय योजना–2041 की संरचना हेतु एन0सी0आर0 सेल कार्यालय द्वारा RFP & RFQ Document तैयार किया गया है, जिसे आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 गाजियाबाद के पत्रांक 315/उ.क्षे.यो–2041/एन0सी0आर0/2022–23 दिनांक 28.12.2022 के माध्यम से प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को निरीक्षणोंपरांत अग्रिम निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित किया जा चुका है, जो परीक्षाणाधीन है।		2023 में वर्णित अभिमत से अवगत कराते हुये प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये। • कार्यालय आयुक्त, एन0सी0 आर0, उ0प्र0 में सम्पन्न समीक्षा बैठक दिनांक 05.06.2023 में उप–क्षेत्रीय योजना–2041 को तैयार करने हेतु विभिन्न सैक्टर्स से सम्बन्धित समस्त डाटा उपलब्ध कराने के लिये निर्धारित प्रोफार्मा उपलब्ध कराते हुये सर्व संबंधित विकास/ औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को निर्देशित किया गया। • मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 के अभिमत के अनुसारक्षेत्रीय योजना–2041 के अनुमोदनोपरान्त शीघ्र उप– क्षेत्रीय योजना–2041 के सम्बन्ध में RFQ & RFP जारी कर दिया जायेगा।
<u>मद संख्या–05</u> **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय त्वरित ट्रांजिट प्रणाली परियोजना (Rapid Regional Transit System) के सम्बन्ध में।** **5.1** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सहभागी राज्यों की सहमति के उपरान्त प्रथम चरण में क्रियान्वित किये जाने हेतु आर.आर.टी.एस. योजना के 3 कोरीडोर (दिल्ली–सोनीपत–पानीपत, दिल्ली–गुडगांव– रेवाडी–अलवर एवं दिल्ली–गाजियाबाद– मेरठ) चयनित किये गये थे। उ0प्र0 शासन के आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्र संख्या–53एनसीआर/आठ–2–17–14 एनसीआर/ 10 टीसी दिनांक 19 मई, 2017	क्षेत्रीय त्वरित ट्रांजिट प्रणाली परियोजना (Rapid Regional Transit System) के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रगति विवरण का अवलोकन किया गया।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
के द्वारा दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ कोरीडोर रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) से सम्बन्धित डी.पी.आर. एवं प्रस्तावित परियोजना पर राज्य सरकार की सहमति प्रदान की गयी एवं प्रस्तावित परियोजना में राज्य सरकार के अंशदान के रूप में निर्धारित कुल रु0 4304.00 करोड़ के सापेक्ष टोकन मनी के रूप में वर्ष 2017–18 के बजट में रु0 100.00 करोड का प्राविधान किया गया था। **5.2** तदोपरान्त उ0प्र0 शासन के आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्र संख्या–198934/2022/04/2022 फाईल न0 8–2099 /69/2021–22 दिनांक 05 अगस्त, 2022 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ आर. आर.टी.एस. परियोजना हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 1306.00 करोड में से स्वीकृति हेतु अवशेष धनराशि रू0 1106.00 करोड के सापेक्ष रू0 450.00 करोड़ आहरित कर प्रबन्ध निदेशक, एन.सी.आर.टी.सी., नई दिल्ली को अवमुक्त कराये जाने हेतु राज्यपाल महोदया द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। आर. आर.टी.एस. परियोजना के दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ कोरीडोर की दिनांक 31. 05.2022 तक की अद्यतन स्थिति एन.सी.आर. टी.सी., नई दिल्ली के पत्र संख्या–NCRTC /Fin./Fund/Delhi-Meerut/54-A/iv Date: 07.06.2022 द्वारा परियोजना की भौतिक प्रगति–30.1%, तथा वित्तीय प्रगति–28.2% पूर्ण होने से अवगत कराया गया। तदोपरान्त आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्र संख्या–I/227096/ 2022/05/2022-go Mp/-8-2099/69/2021-22 दिनांक 19 अक्टूबर, 2022 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022–23 में उ0प्र0 सरकार के अंश के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 656 करोड़ के अन्तर्गत रू0 350.00 करोड़ आहरित कर प्रबन्ध निदेशक, एन.सी. आर.टी.सी., नई दिल्ली को अवमुक्त कराये जाने हेतु राज्यपाल महोदया द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। 5.3 आर.आर.टी.एस. परियोजना को मेरठ से मुजफ्फरनगर तक विस्तार करने हेतु फिजीबिलिटी स्ट्डी कराये जाने के लिए		

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
सदस्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली से अनुरोध किए जाने के लिए आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 का पत्रांक 244 दिनांक 13.07.2021 के माध्यम से प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को सुझाव/अभिमत प्रेषित किया गया। तत्क्रम में आवास अनुभाग–2, लखनऊ के पत्र संख्या–60एन0सी0 आर0/आठ–2–2021 दिनांक 12 अगस्त, 2021के द्वारा सदस्य सचिव, एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली से अनुरोध किया गया। तत्पश्चात् एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली के पत्र सं0–Y-13/3/2021-NCRPB(9102020) Dated: 08-10-2021 के माध्यम से आवश्यक ट्रैफिक स्टड़ी अपने स्तर से कराने अथवा आर.आर. टी.एस. की कार्यदायी संस्था एन0सी0आर0 टी0सी0, (National Capital Region Transport Corporation) नई दिल्ली से यथावश्यक सहयोग प्राप्त करने से से संबंधित निर्देश/सुझाव उ0प्र0 शासन को प्रेषित किया गया। उपरोक्त के अनुक्रम में प्रश्नगत कॉरीडोर हेतु वांछित ट्रैफिक स्टडी कार्यदायी संस्था एन0सी0 आर0टी0सी0, नई दिल्ली से कराए जाने के सम्बन्ध में शासन का पत्र संख्या–510/आठ–2–2022 दिनांक 18 अप्रैल, 2022 प्रबन्ध निदेशक, एन0सी0 आर0 टी0सी0, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया।		
<u>मद संख्या–06</u> **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उ0प्र0 प्रभाग से सटे दिल्ली एवं हरियाणा प्रभाग के मध्य मार्ग व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने के सम्बन्ध में।** **6.1** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उ0प्र0 प्रभाग में आर्थिक विकास की गति को बढ़ावा देने तथा प्रभाग के सन्तुलित एवं सुव्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने के आलोक में उ0प्र0 प्रभाग से सटे दिल्ली राज्य एवं हरियाणा प्रभाग के मध्य मार्ग व्यवस्था के माध्यम से कनैक्टीविटी को सुदृढ़ किये जाने की आवश्यकता है। **6.2** उ0प्र0 प्रभाग की अनुमोदित उपक्षेत्रीय योजना–2021 के पैरा–5.9.2 में क्षेत्रीय मार्ग परिवहन नेटवर्क और यातायात में सुधार		

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
करने के लिये प्रस्तावित सुझावों के अन्तर्गत बिन्दु संख्या–IV में यह सुझाव दिया गया है कि "अन्य राज्यों के साथ अर्न्तसम्बद्धता को उत्तर प्रदेश राज्य सीमा पर विभिन्न अभिमुख स्थलों पर मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के द्वारा बढ़ाया जायेगा, पुलों को भी उसी अनुसार चौड़ा किया जायेगा।" **6.3** एन.सी.आर. योजना बोर्ड, नई दिल्ली की दिनांक 15.06.2016 को सम्पन्न 36वीं बोर्ड बैठक में विभिन्न अर्न्तराज्जीय कनैक्टिविटी सम्बन्धी प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया गया, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि समस्त अर्न्तराज्जीय कनैक्टिविटी सम्बन्धी प्रस्तावों पर सचिव, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार के स्तर पर समस्त सहभागी राज्यों के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर समस्त मुद्दों पर विचार–विमर्श कर निस्तारित कर लिया जाये। **6.4** मद संख्या–6 के उपबिन्दु संख्या–i से vii पर वर्णित परियोजनाओं के सम्बन्ध में उ0प्र0 के विभिन्न विभागों (यथा–लोक निर्माण विभाग एवं नौएडा) से कार्यवाही अपेक्षित है, जिसको लेकर एन0सी0आर0 योजना बोर्ड के सदस्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 22.11.2022 को Committee of Transport Secretaries/ Commissioners (CoTS) की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें प्रश्नगत महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किये जाने हेतु उ0प्र0 सरकार के विभिन्न विभागों से यथावश्यक औपचारिकताएं/कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न अभिकरणों द्वारा कनैक्टीविटी सम्बन्धी प्रस्तावित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं सुझाव निम्नानुसार है:–		

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
i) **UER-I, Delhi to Khekra City till NH-57 in U.P.** उपरोक्त कनैक्टिविटी परियोजनायें उ.प्र. उपक्षेत्रीय योजना–2021 में प्रस्तावित की गयी हैं। UER-I, Delhi to Tronica City till NH-57 in U.P के सम्बन्ध में सदस्य सचिव, एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली की अध्यक्षता में दिनांक 22.11.2022 को सम्पन्न हुई Committee of Transport Secretaris/ Commissioner (CoTS) की बैठक में अवगत कराया गया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्तावित भूमि लैण्ड पूलिंग पॉलिसी के अन्तर्गत प्रक्रियाधीन है।	UER-I के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश को निर्देश दिये गये कि UER-I को दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस–वे से जोड़े जाने एंव अन्य मार्गों से कनैक्टीविटी के सम्बन्ध में परीक्षण करते हुए एन0एच0 ए0आई0 से सम्पर्क स्थापित कर कार्यवाही करें एवं एन0सी0आर0 योजना बोर्ड तथा एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0, गाजियाबाद को भी अवगत करायें।	विस्तृत एजेण्डा मद संख्या–6 पर प्रस्तुत है।
ii) **UER-II, Delhi to Tronica City till NH-57 in U.P.** UER-II, Delhi to Tronica City till NH-57 in U.P के सम्बन्ध में सदस्य सचिव, एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली की अध्यक्षता में दिनांक 22.11.2022 को सम्पन्न हुई Committee of Transport Secretaries/ Commissioner (CoTS) की बैठक में एन0एच0 ए0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि इस परियोजना हेतु 484 वृक्षों को काटने की अनुमति मुख्य सचिव, जी.एन.सी.टी., नई दिल्ली के स्तर पर विचारधीन है।	----	विस्तृत एजेण्डा मद संख्या–6 पर प्रस्तुत है।
iii) **Construction of second bridge on Yamuna River near Kalindi Kunj-NOIDA (120 m downstream)** नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा second bridge on Yamuna River near Kalindi Kunj-NOIDA (120 m downstream) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।		विस्तृत एजेण्डा मद संख्या–6 पर प्रस्तुत है।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
iv) **Elevated road along Shahdara drain-alignment form Chilla Regulator (near Mayur Vihar), Sector-14A to MP-3 road (Mahamaya Flyover in NOIDA.** प्रश्नगत प्रकरण में UTTIPEC के द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त Elevated road along Shahdara drain alignment form Chilla Regulator (near Mayur Vihar), Sector-14A to MP-3 road (Mahamaya Flyover) in Noida परियोजना का कार्य नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा UP Bridge Corporation को दिया गया है। वर्तमान मे निर्माण कार्य प्रगति पर नहीं है। इस सम्बन्ध में नोएडा द्वारा स्टेयरिंग कमेटी को अवगत कराना जाना अपेक्षित है।	नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 को निर्देशित किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण पर सम्पर्क स्थापित कर मार्ग की आवश्यकता को दृष्टिगत् रखते हुए शीघ्र कार्यवाही संपादित करें। औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा दी गयी सहमति (consent) का अवलोकन किया गया एवं इसी क्रम में अग्रेत्तर कार्यवाही की अपेक्षा की गयी।	विस्तृत एजेण्डा मद संख्या–6 पर प्रस्तुत है।
v) **Construction of bridge on Yamuna River near sector-149A & sector-150 Noida Connecting Tilori Village, Faridabad in Haryana Sub-region.** सदस्य सचिव, एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली की अध्यक्षता में दिनांक 19.09.2022 को सम्पन्न हुई Committee of Transport Secretaris/Commissioner (CoTS) की बैठक में हरियाणा द्वारा अवगत कराया गया कि सेक्टर–167 एवं एन.एच.–2 को जोड़ने हेतु पुल का निर्माण प्रस्तावित है एवं लगभग 15 कि0मी0 की दूरी पर डाउन स्ट्रीम में यमुना नदी पर एक पुल निर्माणाधीन है, जिससे सेक्टर 149–ए एवं 150 की कनैक्टिविटी सम्बन्धी अपेक्षाएं पूर्ण हो जाएंगी। प्रश्नगत परियोजना निर्माण से संबंधित वर्तमान अपेक्षाएं उपरोक्त पुलों/ मार्गों द्वारा पूरी हो रही है। अतः इस पुल के निर्माण कार्य को आगामी चरण हेतु रखा जा सकता है।		विस्तृत एजेण्डा मद संख्या–6 पर प्रस्तुत है।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
vi) **Construction of bridge on Yamuna river near sector-168 & sector-167A Noida Connecting Lalpur Village, Faridabad in Haryana Sub-region.** सदस्य सचिव, एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली की Transport Secretaris/ Commissioner (CoTS) की बैठक दिनांक 22.11.2022 में इन्टर स्टेट कनेक्टीविटी के प्रकरणों में प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग, नोएडा एवं लोक निर्माण विभाग, हरियाणा के मध्य दिनांक 30.11.2022 को बैठक आयोजित की गयी, जिसमें इस परियोजना से सम्बन्धित विभिन्न बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया गया। इसी क्रम में उक्त बैठक दिनांक 30.11.2022 के कार्यवृत्त में उल्लिखित बिन्दु सं0–b (iii) & b (iv) पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पत्र संख्या–नौएडा/अ.मु.का.(एम)/व.प्र.–9/ 128 दिनांक 17.01.2023 द्वारा सहमति प्रेषित की गयी। इस सम्बन्ध में हरियाणा के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।	नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा दी गयी सहमति (consent) का अवलोकन किया गया एवं इसी क्रम में अग्रेत्तर कार्यवाही की अपेक्षा की गयी।	विस्तृत एजेण्डा मद संख्या–6 पर प्रस्तुत है।
vii.) Bridge over Yamuna river between Chhaprauli (Baghpat) and Hathwala Village, Panipat in Haryana Sub-region. सदस्य सचिव, एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली की अध्यक्षता में Committee of Transport Secretaris/ Commissioner (CoTS) की दिनांक 16.09.2021 में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत में बिलासपुर खोजकीपुर मार्ग एवं बड़ौत तांडा के समीप यमुना नदी पर सेतु एवं दोनों राज्यों में पड़ने वाले पहुंच मार्गों का निर्माण Central Road Fund (CRF) योजना के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग, हरियाणा राज्य सरकार द्वारा कराया जा रहा है। उक्त परियोजना के अन्तिम 92.0 मी0 लम्बाई का अधिग्रहण उ0प्र0 सरकार द्वारा किया जाना है, जबकि निर्माण कार्य हरियाणा सरकार द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु 92.0 मी0 लम्बाई में भूमि अधिग्रहण का आंगणन रु. 40.14 लाख आगणित कर मुख्य अभियन्ता, मेरठ क्षेत्र, लो0नि0वि0, मेरठ के पत्रांक 2992 नि0/01 मे0क्षे.–नि0ख0 (बागपत) – मेरठ/2021 दिनांक 23.06.2021 द्वारा मुख्य अभियन्ता (मु02) कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0 लो0नि0वि0 लखनऊ को प्रेषित किया गया था	इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, बागपत एवं लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 से समन्वय बनाते हुए वांछित शीघ्र कार्यवाही कराने की अपेक्षा की गयी। उपरोक्तानुसार इन्टर स्टेट कनेक्टीविटी मुद्दों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित संस्थाओं को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये।	विस्तृत एजेण्डा मद संख्या–6 पर प्रस्तुत है।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
जिसकी स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्राप्त नहीं हो सकी थी। अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, बागपत द्वारा मुख्य अभियन्ता, लखनऊ को दिनांक 23.06.2021 को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है, जिसकी स्वीकृति के उपरान्त भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित था। अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बागपत के पत्र संख्या–132/23ए दिनांक 18.01.2023 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि राजस्व विभाग द्वारा मार्ग के संरेखण के सेन्टर पॉईन्ट को मौक पर चिन्हांकन कर लोक निर्माण विभाग पानीपत (ब्रिज एण्ड रोड) को भूमि उपलब्ध करा दी गयी है। अधिग्रहित किये जाने हेतु भूमि का आगणन लागत रु. 130.47 लाख स्वीकृति हेतु लोक निर्माण विभाग, अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है, जिसकी स्वीकृति अभी शासन स्तर पर विचाराधीन है।		
<u>मद संख्या–07</u> **क्षेत्रीय योजना–2021 एवं उ0प्र0 प्रभाग की उपक्षेत्रीय योजना– 2021 के प्रस्तावों के अनुरूप विकास कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में।** 7.1 एन.सी.आर सैल द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली की क्षेत्रीय योजना–2021 तथा उ0प्र0 प्रभाग की उपक्षेत्रीय योजना–2021 के नीतियों/प्रस्तावों का उल्लंघन से सम्बन्धित त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट को निर्धारित प्रारूप पर अंकित कर समस्त विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली को प्रेषित किया जाता है। 7.2 इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा उपरोक्त अभिकरणों के उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करते हुये पूर्व में त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट के स्थान पर प्रत्येक माह मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रेषित किये जाने हेतु पत्रांक Y-13/78/ 2022	क्षेत्रीय योजना–2021 एवं उ0प्र0 प्रभाग की उपक्षेत्रीय योजना–2021 के प्रस्तावों के अनुरूप विकास कार्य कराए जाने के अनुश्रवण हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली से यह अपेक्षा की गयी कि वह इस हेतु एक ऐसा वेब–पॉर्टल तैयार करें, जिस पर सभी सम्बन्धित <u>अभिकरण/विभाग</u> वांछित विवरण ऑनलाईन सिस्टम के माध्यम से अपलोड कर सके।	विस्तृत विवरण **एजेण्डा सं0–08** पर प्रस्तुत है।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
(9135101) dated 04.08.2022 के द्वारा अनुरोध किया गया था। 7.3 उक्त के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्रांक–177/मा.प्र./एन.सी.आर.2022.23 दिनांक 24.08.2022 के माध्यम से समस्त विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों यथा–गाजियाबाद, मेरठ, बुलन्दशहर, खुर्जा, बागपत– बडौत–खेकडा, हापुड़– पिलखुवा, मुजफ्फरनगर एवं शामली विकास प्राधिकरण तथा नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरणों से ससमय मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रेषित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है तथा सभी अभिकरणों से अपेक्षा की गयी है कि समयान्तर्गत मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रेषित की जाये। 7.4 सदस्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 22.11.2022 को सम्पन्न Review of NCR Planning and Monitoring Cells में मद सं0–2 (ii & iii) के अन्तर्गत लिये गये निर्णयों के अनुपालन में मासिक प्रगति आख्या हेतु प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 गाजियाबाद में बैठक आहूत किए जाने के सम्बन्ध में अपर आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 का पत्र सं0–317 दिनांक 28.12.2022 द्वारा सर्वसम्बन्धित को अवगत कराया गया। तत्क्रम में अपर आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 की अध्यक्षता में दिनांक 02.01.2023 को सर्वसंबंधित प्राधिकरणों के साथ बैठक आयोजित की गयी तथा समयान्तर्गत निर्धारित प्रारूप पर मासिक प्रगति उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी।		
<u>मद संख्या–08</u> **उ0प्र0 प्रभाग में भौतिक/ सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली से वित्तीय ऋण लिये जाने के सम्बन्ध में।** 8.1 उत्तर प्रदेश प्रभाग में कुल 57 परियोजनाएं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना	उ0प्र0 प्रभाग में भौतिक/ सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए सभी विभागों से यह अपेक्षा की गयी कि वे अन्य वैकल्पिक वित्तीय संस्थाओं से ब्याज की	विस्तृत विवरण **एजेण्डा सं0–09** पर प्रस्तुत है।

<table>
<tr><th>दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण</th><th>दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय</th><th>अनुपालन आख्या</th></tr>
<tr><td>बोर्ड, नई दिल्ली से वित्त पोषित की गयी हैं, जिनकी कुल अनुमानित लागत रू0 9121.85 करोड़ हैं। उक्त परियोजनाओं में से कुल 54 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा वर्तमान में 03 परियोजनाएं संचालित हैं। संचालित परियोजनाओं के कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कियान्वित संस्था द्वारा यूटीलाईजेशन/ कम्पलीशन सर्टीफिकेट प्रेषित कर दिया गया है।

वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा निम्नलिखित तालिकानुसार वित्त पोषण सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है:–

<table>
<tr><th>Types of Project</th><th>Present Rate*</th></tr>
<tr><td>Priority Infrastructure Projects viz. Water Supply, Sewerage, Sanitation, Drainage and Solid Waste Management</td><td>7.00% p.a.</td></tr>
<tr><td>Roads, ROBs & Flyover, RUB, Expressways, Affordable/EWS Housing</td><td>7.00% p.a.</td></tr>
<tr><td>Metro/Rapid Rail/RRTS</td><td>7.00% p.a.</td></tr>
<tr><td>Power Sector Projects – Generation, Transmission and Distribution</td><td>7.50% p.a</td></tr>
<tr><td>Land Development Projects – Residential/Industrial/Commercial and other Infrastructure viz. Technical / Medical Institutions</td><td>8.50%p.a</td></tr>
</table>
* In addition, a rebate of 0.25% by reduction in interest rate, for timely payment of loan installments, strictly as per repayment schedule, is available.

8.2 उ0प्र0 प्रभाग में नई परियोजनाओं का चिन्हांकन करने तथा एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली की वित्तीय सहायता से परियोजनाओं को विकसित/क्रियान्वित करने हेतु आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 के पत्र संख्या–176/न्यू फंडिंग/एन.सी.आर. /2022–23 दिनांक 24.08.2022 के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न विभागों से अनुरोध किया गया है। तदोपरान्त समस्त सम्बन्धित विभागों/अभिकरणों को अनुस्मारक पत्र सं0–316 दिनांक 28.12.2022 भी प्रेषित किया गया।</td><td>दरों का तुलनात्मक परीक्षण करते हुए परियोजनाओं के वित्त पोषण हेतु प्रस्ताव राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली को प्रेषित करें।</td><td></td></tr>
<tr><td><u>मद संख्या–09</u>

एन0सी0आर0 में अतिरिक्त क्षेत्र सम्मिलित किये जाने हेतु डेलीनिएशन स्टडी (Delineation Study) के सम्बन्ध में।

9.1 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड का गठन वर्ष 1985 में निर्धारित किया गया</td><td>बैठक में प्रस्तुत एन0सी0आर0 में अतिरिक्त क्षेत्र सम्मिलित किये जाने हेतु डेलीनिएशन स्टडी (Delineation Study) के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया।</td><td>एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0 से कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।</td></tr>
</table>

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
था। तत्समय क्षेत्रीय योजना का क्षेत्रफल 30242 वर्ग किमी0 था। क्षेत्रीय योजना–2021, जो कि वर्ष 2005 में अधिसूचित की गयी, में एन.सी.टी. दिल्ली के अतिरिक्त हरियाणा राज्य के आठ, राजस्थान का एक एवं उत्तर प्रदेश के पाँच जिले (मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर एवं बागपत) सम्मिलित थे। तत्समय एन.सी.आर. का क्षेत्रफल 33578 वर्ग किमी0 था। **9.2** वर्तमान में एन0सी0आर0 के अन्तर्गत एन.सी.टी. दिल्ली के अतिरिक्त हरियाणा के 14 जिले, उत्तर प्रदेश के 8 जिले (1. मेरठ, 2. गाजियाबाद, 3. हापुड़, 4. बुलन्दशहर 5. बागपत, 6. गौतमबुद्धनगर 7. मुजफ्फरनगर 8. शामली) तथा राजस्थान के दो जिले आते हैं, जिसके फलस्वरूप एन0सी0आर0 का कुल क्षेत्रफल 55083 वर्ग किमी0 है। **9.3** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा वर्ष 2015 में सदस्य सचिव, एन.सी.आर. योजना बोर्ड की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गयी जिसमें एन.सी.आर. के डेलीनिएशन स्टडी हेतु निर्देशित किया गया। समिति द्वारा विभिन्न पहलुओं पर सभी सहभागी राज्यों से इस सम्बन्ध में राय चाही गयी। उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–48NCR/आठ-2-17-14NCR/15 दिनांक 31-08-2018 के माध्यम से सदस्य सचिव, एन.सी.आर. योजना बोर्ड, नई दिल्ली को उत्तर प्रदेश राज्य का निम्न अभिमत प्रेषित किया गया:– *"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अतिरिक्त क्षेत्र को सम्मिलित/हटाये जाने हेतु जिला सीमा को आधार माना जाये। इसके अतिरिक्त सम्मिलित किये जाने वाले क्षेत्र/जिलों की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से भौतिक निरन्तरता, पारस्परिक आर्थिक क्रियायें, भौतिक विकास की सम्भावनाएं ऐतिहासिक, धार्मिक, पर्यटन, यातायात एवं परिवहन, सार्वजनिक सुविधायें एवं औद्योगिक विकास की सम्भावनाओं का भी संज्ञान लिया जाना श्रेयकर होगा।'* उत्तर प्रदेश के सन्दर्भ में प्रश्नगत प्रकरण को दिनांक 28.09.2018 में सम्पन्न स्टेयरिंग कमेटी की पंचम बैठक में प्रस्तुत किया गया था, जिसमें उ0प्र0 राज्य के उक्त अभिमत पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।		

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
9.4 डेलीनिएशन हेतु गठित एक्सपर्ट कमेटी में दो विकल्प (Option-I) व (Option-II) प्रस्तुत किए गये हैं। विश्लेषणोंपरान्त उ0प्र0 प्रभाग द्वारा विकल्प–1 को अधिक औचित्यपूर्ण मानते हुए सहमति पत्र सं0–02एन0 सी0 आर0/आठ–2– 2021 –14 एनसीआर/15 दिनांक 10 मार्च 2021 के माध्यम से प्रेषित की गयी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली के पत्र संख्या–Y-13/38/2021-Office of dy Director-UD Date August 11, 2021 के माध्यम से प्रेषित हरियाणा सरकार के डेलीनिएशन सम्बन्धित निम्नलिखित सुझाव पर उ0प्र0 राज्य का मत प्रेषित करने की अपेक्षा की गयी थी:– *".....(a) The entire area of the State falling within 50kms buffer from centre of NCT-Delhi as well as the area covered between Western Peripheral Expressway/Kundali-Manesar-Palwal (KMP) Expressway and NCT-Delhi (where KMP Expressway extends beyond this buffer), to be covered under NCR.* *(b)Extent of NCR along National Highways/Expressways be considered with one km. wide buffer on both sides within the existing NCR alongwith extension along NH-9 and NH-44 upto CMA Hisar and Ambala respectively....."* उक्त के क्रम में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्र संख्या–76 एन0सी0आर0/ आठ–2 –21–300 विधि/ 2011 दिनांक 02 सितम्बर, 2021 के माध्यम से अपने पूर्व प्रेषित अभिमत में सम्प्रति परिवर्तन की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है, के सम्बन्ध में निदेशक (प्रशा/वित्त), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली को जवाब प्रेषित करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। **9.5** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली के ईमेल दिनांक 25 मई, 2022 के क्रम में हरियाणा की तीन तहसीलों को हटाते हुए संशोधित प्रस्ताव से उ0प्र0 प्रभाग पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, के सम्बन्ध में सहायक निदेशक (तक0), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली को एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0		

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
गाजियाबाद के पत्र सं0–72/ एन0सी0आर0 डेलीनिएशन/ एन0सी0 आर0/2022 –23 दिनांक 30.05.2022 के माध्यम से अवगत कराया गया।		
<u>मद संख्या–10</u> **अमृत योजनान्तर्गत तैयार की जा रही महायोजनाओं के सम्बन्ध में।** **10.1** शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित अटल मिशन फॉर रिज्यूवेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफॉरमेंशन (AMRUT) के अन्तर्गत जी.आई.एस. आधारित महायोजना तैयार किये जाने हेतु उ0प्र0 के 59 नगरों का चयन किया गया था। वर्तमान में एन0सी0आर0 के उ0प्र0 प्रभाग में कुल 08 जिले यथा–गाजियाबाद, मेरठ, बुलन्दशहर, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बागपत, मुजफ्फरनगर एवं शामली सम्मिलित हैं। **10.2** AMRUT योजनान्तर्गत एन0सी0आर0 के 10 नगरों की महायोजना–2031 तैयार की जा रही है, जिनकी अद्यतन स्थिति पर प्रस्तुत हैं, जिसमें महायोजनाएं तैयार करने के सम्बन्ध में अनुबन्ध की तिथि, महायोजना पूर्ण करने की अनुमानित तिथि तथा बोर्ड में प्रस्तुत करने तथा जनसामान्य से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित करने का विवरण उल्लेखित किया गया है। **10.3** लगभग सभी महायोजनाएं अपनी समयसीमा के अन्तर्गत अभी तक पूर्ण नहीं की गयीं हैं तथा महायोजना तैयार करने की प्रक्रिया सभी सम्बन्धित प्राधिकरणों में विलम्बित हैं। **10.4** उल्लेखनीय है कि सभी 10 नगरों की महायोजनाओं के ड्राफ्ट पर सम्बन्धित विकास प्राधिकरण के अनुमोदनोपरांत जनसामान्य से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए जा चुके हैं। परन्तु आपत्तियों/सुझावों के उपरांत अभी तक अंतिम स्वीकृति सम्बन्धी कार्यवाही नहीं की गयी है। विशेष रूप से बुलन्दशहर, खुर्जा, हापुड़, मुजफ्फरनगर एवं शामली की आपत्ति एवं सुझाव पर सनुवाई की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है, परन्तु अभी तक महायोजना प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत नहीं की गयीं हैं।	सम्यक विचार–विमर्श के उपरांत प्रस्ताव विलोपित (ड्रॉप) किया गया।	एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0 से कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
10.5 इस विषय में आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 के निम्नलिखित पत्रों के माध्यम से सम्बन्धित प्राधिकरणों को महायोजनाओं को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने तथा महायोजनाओं को अंतिम रूप देते हुए अनुमोदन हेतु शासन को अविलम्ब प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया है:– i) पत्र सं0–182/अमृत महा./एन.सी.आर./2022–23दिनांक 29.08.2022 ii) पत्र सं0–183/अमृत महा./एन.सी.आर./2022–23दिनांक 29.08.2022 iii) पत्र सं0–184/अमृत महा./एन.सी.आर./2022–23दिनांक 29.08.2022 iv) पत्र सं0–211/अमृत महा./एन.सी.आर./2022–23दिनांक 14.09.2022 v) पत्र सं0–212/अमृत महा./एन.सी.आर./2022–23 दिनांक 14.09.2022 vi) पत्र सं0–213/अमृत महा./एन.सी.आर./2022–23 दिनांक 14.09.2022		

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
<u>मद संख्या–11</u> **एन0सी0आर0 सेल, उ0प्र0 में रिक्त पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में।** 11.1 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली की दिनांक 12.10.2021 को सम्पन्न हुई 40वीं बोर्ड बैठक के एजेण्डा नं0–40/7 (Continuation of NCR Planning & Monitoring Cells in NCR Participating States) के क्रम में लिये गये निर्णय (.....Board approved the proposal contained in the agenda that NCR Planning and Monitoring Cells be extended by 18 months from 01.04.2021 (i.e. till 30.09.22). Thereafter extension can be considered till 31.03.2025 subject to filling up at least 50% of current vacancies by June 2022.) के अंतर्गत एन0सी0आर0 प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग सेल्स की निरन्तरता को दिनांक 01.04.2021 से दिनांक 30.09.2022 (18 माह) तक बढ़ाया गया, तथा एन0सी0आर0 सेल्स के कम से कम 50% रिक्त पदों को भरे जाने के उपरांत ही उक्त निरन्तरता को दिनांक 31.03.2025 तक बढ़ाये जाने का उल्लेख किया गया। 11.2 उक्त के अनुपालन में इस कार्यालय के निम्नलिखित पत्रों के माध्यम से एन0सी0आर0 सैल, गाजियाबाद में रिक्त चल रहे पदों को भरने हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन से अनुरोध किया गया:– i. पत्र सं0 397/ निरन्तरता /एन0 सी0आर0/2021– 22 दिनांक10.09.2021 ii. अर्द्धशा.पत्रांक 534/निरन्तरता/ एन0 सी0आर0/2021–22 दिनांक27.10.2021 iii. पत्र सं0 940/निरन्तरता/ एन0सी0 आर0/2021–22 दिनांक 24.03.2022 iv. अर्द्धशा0 पत्रांक–51/निरन्तरता/एन0 सी0आर0/2022–23दिनांक11.05.2022 11.3 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, गाजियाबाद में सृजित पदों के सापेक्ष प्राथमिकता के आधार पर रिक्त पदों को भरने हेतु उ0प्र0 शासन के आवास एंव शहरी नियोजन अनुभाग–6 के पत्र संख्या–941/आठ–6– 22–2टी0पी0 / 2019 दिनांक 09 जून, 2022 एवं पत्र	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नियोजन सेल, उ0प्र0 में रिक्त पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में यथासम्भव तैनाती की कार्यवाही की अपेक्षा के साथ यह निर्देश दिये गये कि एन0सी0आर0 सेल के विभिन्न कार्यों/सेवाओं को आउटसोर्स के माध्यम से भी सम्पादित कराया जा सकता है।	विस्तृत विवरण एजेण्डा सं0–10 पर प्रस्तुत है।

दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक की कार्यसूची के मद संख्या का विवरण	दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न हुई षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय	अनुपालन आख्या
सख्या –GOI-04/आठ–6– 22 –2 टी0पी0/2019 दिनांक 23 जून, 2022 के माध्यम मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को एन0सी0 आर0 सेल, गाजियाबाद में अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। **11.4** उ0प्र0 शासन के उपरोक्त पत्रों के अनुपालन में मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा एन0सी0आर0 सेल, गाजियाबाद में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती की गयी है। वर्तमान में एन0सी0आर0 योजना बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत 30 पदों के सापेक्ष 16 पदों पर तैनाती है तथा 14 पद रिक्त हैं। **11.5** एन0सी0आर0 सेल, गाजियाबाद में रिक्त पदों के 50% के सापेक्ष तैनाती किए जाने हेतु आयुक्त, एन0सी0आर0, उ0प्र0 के पत्रांक 304/निरंतरता/ एन0 सी0आर0/ 2022–23 दिनांक 08.12.2022 द्वारा प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ तथा चीफ कोओर्डिनेटर प्लानर, एन0सी0 आर0 सेल, उ0प्र0 के पत्रांक 319 दिनांक 30.12.2022 के माध्यम से मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ से अनुरोध किया गया है।		

3. <u>मद संख्या–03</u>

हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि0 (HORC) द्वारा प्रेषित ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना की फिजीबिल्टी स्टडी कराये जाने के सम्बन्ध में।

3.1 एन0सी0आर0पी0बी0 की क्षेत्रीय योजना–2021 एवं 2041 (ड्राफ्ट) में पूर्वी और पश्चिमी पेरीफेरल एक्सप्रेस–वे के साथ दिल्ली के आस–पास ऑर्बिटल रेल (गाजियाबाद–नोएडा–फरीदाबाद–गुणगांव–बहादुरगढ़–कुण्डली–गाजियाबाद) कोरीडोर प्रस्तावित है। यह कॉरीडोर ईस्टर्न पैरीफरेल एक्सप्रेस–वे के समान्तर होगा। क्षेत्रीय योजना–2041 (ड्राफ्ट) में ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना का प्रस्तावित एलाईमेन्ट उ0प्र0 राज्य के मेरठ–बागपत–खुर्जा के अन्तर्गत वर्णित है। यह प्रस्ताव नोएडा, दादरी, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ एवं बागपत नगरों को उच्च कोटि की कनैक्टिविटी के साथ–साथ औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को सुदृढ़ता एवं गति प्रदान करेगा।

3.2 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्रांक 817/आठ–2–2023–688/2023 दिनांक 28 अप्रैल, 2023 **(संलग्नक–2)** के द्वारा अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 की अध्यक्षता में दिनांक 18.05.2023 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे बैठक आहूत की गयी। बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में कार्यालय के पत्रांक 65 दिनांक 22.05.2023 **(संलग्नक–3)** के माध्यम से ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना से सम्बन्धित फिजिबिलटी रिपोर्ट पर विचार–विमर्श हेतु स्टेकहोल्डर्स के सक्षम अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने हेतु आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ से अनुरोध किया गया।

3.3 ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना (पलवल–नोएडा–डासना–बागपत–सोनीपत) तैयार किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के क्रम में फिजिविल्टी रिपोर्ट पर विचार–विमर्श हेतु आयुक्त, मेरठ मण्डल, मण्डल की अध्यक्षता में दिनांक 09.06.2023 **(संलग्नक–4)** को बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों को ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना से सम्बन्धित सूचना प्रेषित करने हेतु उ0प्र0 प्रभाग के समस्त स्टेक होल्डर्स को प्रारूप उपलब्ध कराया गया।

3.4 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्रांक 987/आठ–2–2023–688/2023 दिनांक 26 मई, 2023 **(संलग्नक–5)** के द्वारा ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना के सम्बन्ध में संस्तुति सहित आख्या तथा पी0पी0टी0 शासन को उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी, जिसके अनुक्रम में कार्यालय के पत्रांक 137 दिनांक 12.07.2023 **(संलग्नक–6)** के माध्यम से वांछित पी0पी0टी का प्रथम ड्राफ्ट अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित की गयी। इस सम्बन्ध में सभी हितधारकों द्वारा उपलब्ध कराये गये फीडबैक को मण्डलायुक्त, मेरठ स्तर से प्रस्तुतीकरण में सम्मिलित करते हुए पुनः परियोजना से सम्बन्धित पी.पी.टी. उ0प्र0 शासन को प्रेषित की जायेगी। इसी क्रम में कार्यालय के अनुस्मारक पत्रांक 202 दिनांक 18.08.2023 **(संलग्नक–7)** के माध्यम से ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना से सम्बन्धित पी0पी0टी का प्रथम ड्राफ्ट पुनः अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित किया गया।

3.5 ईस्टर्न आर्बिटल रेल कॉरीडोर परियोजना की फिजीविलिटी स्टडी पर विचार–विमर्श किये जाने के सम्बन्ध में मा0 आयुक्त महोदया, मेरठ मण्डल, मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 06.09.2023 को बैठक आहूत की गयी। उपरोक्त सम्पन्न बैठक में फिजिविलटी स्टडी कराये जाने के सम्बन्ध में सहमति व्यक्त की गयी एवं इस पर होने वाले व्यय को इस क्षेत्र में पड़ने वाले औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं आवास विभाग से सम्बन्धित विकास प्राधिकरण द्वारा उ0प्र0 के शासन के निर्णयानुसार वहन किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी। तत्क्रम में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्रांक 82एनसीआर/आठ–2–2023–688/2023 दिनांक 29 सितम्बर, 2023 **(संलग्नक–7A)**, के अनुक्रम

में कार्यालय के पत्रांक 296 दिनांक 25.10.2023 **(संलग्नक–7B)**, के द्वारा उ0प्र0 शासन से अनुरोध किया गया कि परिवहन एवं रेल से सम्बन्धित विषय पर कार्यालय में विशेष अध्ययन हेतु स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण यह कार्यवाही सम्भव नहीं है। फिजिविलटी स्टडी में आर.एफ.पी. में वैकल्पिक साधनों के अध्ययन को भी ''स्कोप ऑफ वर्क'' में रखा जाना श्रेयकर होगा।

अतः ईस्टर्न ऑरबिटल रेल कॉरीडोर परियोजना के सम्बन्ध में फिजिविलिटी स्टडी कराये जाने पर विचार किये जाने का प्रस्ताव कमेटी के समक्ष प्रस्तुत है।

12
02/05/2023

52
01-5-2023

संलग्नक–2

ई–मेल / बैठक / दिनांक 18.05.2023
संख्या–817 / आठ–2–2023–688 / 2023

प्रेषक,

शीतला प्रसाद,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

1–अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव,
औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास विभाग,उ0प्र0 शासन।

2– आयुक्त,
मेरठ मण्डल, मेरठ।

3–आयुक्त,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र उ0प्र0 प्रभाग, गाजियाबाद।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 28 अप्रैल, 2023

विषयः– हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि0 के माध्यम से ईर्स्टन आर्बिटल रेल कॉरीडोर परियोजना (पलवल–नोयडा–डासना–बागपत–सोनीपत) तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्र संख्या–688 / आठ–2–2023 दिनांक 11.04.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में विचार–विमर्श हेतु दिनांक 18.05.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आहूत की गयी है।

कृपया उक्त निर्धारित बैठक में सुसंगत सम्पूर्ण सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शीतला प्रसाद)
अनु सचिव।

Addl. Comm

संख्या व दिनांक–तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव / विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।

2– स्वागत अधिकारी, लाल बहादुर शास्त्री भवन, उ0प्र0 सचिवालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया दिनांक 18.05.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे आहूत उक्त बैठक में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों का प्रवेश पत्र निर्गत करने का कष्ट करें।

Omm.
28/04/2023

UP.

आज्ञा से,

(शीतला प्रसाद)
अनु सचिव।

01.05.2023

Addl. Comm
01/05/2023

AE/ Mrs Rachana
Please discuss.
01/05/23
CCP

01/05/23
(AE)

NCR-13 (874) H.P.

संलग्नक–3

का0 (टे...
Email add...

कार्यालय आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उ0प्र0

द्वितीय तल, नगर निगम भवन, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद (उ0प्र0)

पत्रांकः 65 / ओ.आर.सी. / एन0सी0आर0 / 2023–24 दिनांकः 22-5-2023

सेवा में,

मण्डलायुक्त,
मेरठ मण्डल,
मेरठ।

